पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज प्रशासन एवं पूर्व छात्र एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से विभिन्न वर्षो में पास आउट छात्रों व महाविद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ० सुभाष जागलान ने की।पूर्व छात्रों ने अपने-अपने समय की अविस्मरणीय पलों को सांझा किया। अपनी यादों को ताजा करते हुए विद्यार्थी न केवल आनंदित हुए बल्कि अधिकतर छात्र भावुक भी नजर आए। गौरतलब है कि महाविद्यालय वर्ष 1976 से लगातार ज्ञान का आलोक फैला रहा है।महाविद्यालय के छात्र अपने अपने करियर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे अध्यापन,सेना, व्यापार तथा मल्टीनेशनल कंपनी में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं।इस अवसर पर पंडित चिरंजी लाल शर्मा एल्युमनी एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन भी हुआ। महाविद्यालय के एल्युमनी एसोसिएशन के संयोजक डॉ० नवीन बत्तरा ने पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब महाविद्यालय की अमूल्य निधि हो और महाविद्यालय आपको अपने प्रांगण में पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है।महाविद्यालय से आपका जुड़ाव निश्चित ही इसको बुलंदियों की ओर लेकर जाएगा।डॉ० पवन उपाध्याय ने संगठन की वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की और अधिक से अधिक पूर्व छात्रों को संगठन से जुड़ने का आग्रह किया उन्होंने बताया कि अब एल्युमनी मीट हर वर्ष फरवरी-मार्च माह में आयोजित करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। महाविद्यालय के मौजूदा छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।शिवम ने कुमार विश्वास की संगीतमय कविता का पाठ किया। अंकित और गौरव ने बेहतरीन डांस और कुलदीप ने शानदार मिमिक्री की। एडवोकेट विश्वजीत सिंह पवार ने सभी पूर्व छात्रों का अभिवादन करने के साथ-साथ अंत में धन्यवाद ज्ञापन भी किया।नई कार्यकारिणी में डॉ० पवन उपाध्याय को प्रधान,विश्वजीत सिंह को सचिव,डॉ प्रेमचंद को उप प्रधान,अनिल सैनी को सचिव, मनोज पोपली को कोषाध्यक्ष चुना गया।